कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 23.06.2021

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में

ऑनलाईन अन्तर्राष्ट्रीय योगदिवस मनाया गया

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ऑनलाईन योगाभ्यास कराया गया। प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि योग एक विज्ञान है। यह मनुष्य के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करता है। कोरोना के कारण लोगों में जो भय व्याप्त है उसे योगाभ्यास से निःसंदेह दूर कर सकते है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए नृत्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष इस दिवस को वर्चुअल तरीके से मनाया जा रहा है इसके माध्यम से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ होता हैं

योग प्रशिक्षक श्रीमती सीमा लाम्बा जो कि भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा निवृत्त प्रशासनिक अधिकारी है, ने अधिक उम्र में की जा सकने वाली योगमुद्राओं की अभ्यास कराया। हड्डियों एवं श्वसन तंत्र को मजबूती प्रदान करने वाले ताड़ासन बताये। भष्तृका प्राणायाम की विशेषतााये बतायी। विश्व योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित व्यायाम प्रशिक्षण कार्यशाला में अपनी भागीदारी दर्ज की।

इस अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा ऑनलाईन योग क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था।

इस डिजिटल कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. अमिता सहगल, डॉ. अनिल जैन, डॉ. के.एल. राठी, डॉ. सुनीता गुप्ता, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. ऋतु दुबे सहित महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित ।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)